पिछड़े क्षेत्रों के लिये "केन्द्रीय पूंजीनिवेश आर्थिक सहायता योजना"

635. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "केन्द्रीय पूंजी निवेश आर्थिक सहायता योजना" जो पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना के लिये घोषित की गयी थी, के अन्तर्गत राज्य-वार सबसिडी के रूप मे कितनी-कितनी धनराशि बांटी गयी ;

(ख) ऐसे प्रत्येक उद्योग में राज्य-वार कुल कितनी-कितनी पूंजी लगाई गई,;

(ग) इन उद्योगों द्वारा कितना उत्पादन हुआ, क्या इनमें से कुछ उद्योगों में उत्पादन बन्द कर दिया गया है, यदि हां, तो कब से और ऐसे उद्योगों के नाम क्या हैं ; और

(घ) इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं या उठाए जाने का विचार है ?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) केन्द्रीय निवेश राजसहायता योजना के अंतर्गत वर्ष 1983-84, 1984-85 और 1985-86 (31-1-86 तक) प्रतिपूर्ति के रूप में दी गई राशि के राज्य-वार ब्यौरे देने वाला एक विवरण संलग्न है।

(ख) से (घ) एकक एककों को राजसहायता की वास्तविक प्रतिपूर्ति राज्य सरकारों द्वारा की जाती है और निवेश तथा उत्पादन के सम्बन्ध में उद्योग-वार जानकारी केन्द्रीकृत रूप से नही रखी जाती।

योजना के अधीन केन्द्रीय निवेश राजसहायता लेने वाले औद्योगिक एककों को उत्पादन आरम्भ करने की तारीख से पांच वर्षो की अवधि तक उत्पादन जारी रखना पड़ता है और ऐसा न कर सकने कि स्थिति में राजसहायता की राशि लौटानी पड़ती है। कच्चे माल और बिजली आदि की कमी के कारण अधिक से अधिक छह महीने तक की अल्पावधि के लिए उत्पादन न कर सकने पर माफी दी जा सकती है।

पिछले तीन वर्षो में अपना एकक बन्द हो जाने के कारण अब तक निम्नलिखित एककों द्वारा राजसहायता वापिस की गई है :-

राज्य	एकक का नाम
हिमाचल प्रदेश	1. मै० कृष्णा दाल प्लान्ट, मेहतपुर
	2. ,, अमर एण्ड कं०, सोलन
	3. ,, एस० डी० रबड़ कंपनी लि०
महाराष्ट्र	4. ,, दत्ता सोप इण्डस्ट्रीज, औरंगाबाद
	5. ,, माइक्रोनिक्स एसोसिएट्स, औरंगाबाद
	6. ,, परिमल प्रिन्टर्स, औरंगाबाद
	7. ,, कंचन प्रोडक्ट्स, औरंगाबाद
	8. ,, एन० डी० बी० वायर एण्ड स्टील इण्डस्ट्रीज, रत्नागिरि
	9. ,, पंचशील सॉ मिल, चन्द्रपुर
	10. ,, मोडर्न पोल्ट्री एण्ड चन्द्रपुर
	11. ,, एस० पी० चिंचलवाड़ राइस मिल, चन्द्रपुर
तमिलनाडु	12. ,, डायमंड सॉ एण्ड टूल्स (प्रा० लि०) मद्रास
गोआ, दमन और दीव	13. ,, क्रिस्टाइड सुपर सोडा
	14. ,, पुण्डलिक आयरन वर्क्स
	15. ,, वुडलैण्ड्स होटल

विवरण

क्रमांक	राज्य/संघ क्षेत्र का नाम	केन्द्रीय निवेश राजसहायता योजना के अधीन प्रतिपूर्तियां		
		1983–84	1984–85	1985–86 (31-1-86 तक)
		(राशियां करोड़ रु० में पूर्णित--राउंडेड आफ)		
1	आंध्र प्रदेश	4.63	7.14	6.33
2	असम	0.30	1.93	1.34
3	बिहार	—	0.81	—
4	गुजरात	4.37	3.38	3.23
5	हरियाणा	2.01	2.05	1.25
6	हिमाचल प्रदेश	3.02	7.60	5.29
7	जम्मू और काश्मीर	1.63	4.23	4.14
8	कर्नाटक	5.65	3.87	6.55
9	केरल	0.29	4.34	1.66
10	मध्य प्रदेश	6.28	5.27	10.56
11	महाराष्ट्र	2.61	3.65	2.73
12	मणिपुर	0.11	0.38	0.46
13	मेघालय	0.20	0.23	0.12
14	नागालैण्ड	—	1.65	—
15	उड़ीसा	1.56	2.58	0.89
16	पंजाब	1.63	3.49	2.65
17	राजस्थान	5.10	7.98	7.56
18	सिक्किम	0.17	0.42	0.26
19	तमिलनाडु	7.29	9.26	8.23
20	त्रिपुरा	—	0.15	—
21	उत्तर प्रदेश	1.26	3.20	10.27
22	पश्चिम बंगाल	0.47	1.22	1.37
23	अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	0.10	0.13	0.09
24	अरूणाचल प्रदेश	0.02	0.63	—
25	दादरा और नागर हवेली	0.13	0.33	0.27
26	गोवा, दमन और दीव	0.42	4.06	1.76
27	मिजोरम	0.38	0.67	1.08
28	पाण्डिचेरी	0.30	1.38	2.82
29	लक्ष्यदीप	—	—	—
	योग	51.93	82.03	80.91